## सार-समाचार

### 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**राजलदेसर ।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत परसने ऊ धाम में हनुमान भक्त संत शिरोमणि अखाराम दादा जी महाराज के समाधि दिवस पर दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए मंदिर के पुजारी जगदीश, किशन ,श्रवण ने बताया दिनांक 11 सितंबर रात्रि को मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई साथ ही सर्वाधिक दादा चालीसा का पाठ करने वाले पांच भक्तों को पितामह कृपा रत्न से सम्मानित किया इसके अलावा 2100 से अधिक दादा चालीसा का पाठ करने वाले भक्तों को अक्षय कृपा रत्न से सम्मानित किया गया सम्मानित किया गया वही शुक्रवार प्राप्त दादाजी महाराज की महा आरती,विशेष श्रृंगार, ज्योत का आयोजन हुआ उसके बाद दादाजी महाराज को 31 किलो लापसी का भोग लगाया गया साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ठाहण किया इसके अलावा मंदिर परिसर में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शानदार व्यवस्था देखने को मिली साथ ही मंदिर परिसर के बाहर मेला भी लगाया गया जिसमें सैकड़ो प्रकार की स्टॉल लगाई गई।

### अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह में होंगे विविध कार्यक्रम

**रतनगढ़** (निसं)अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशन में आगामी 1 से 7 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अंतर्गत अणुव्रत समिति, रतनगढ़ द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति मंत्री नरेंद्र स्वामी ने बताया कि स्थानीय जैन परिषद भवन में हुई कार्यसमिति की बैठक में अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि अणुव्रत प्रेरणा दिवस हनुमान बालिका विद्यालय में, अहिंसा दिवस तेरापंथ भवन में, सांप्रदायिक सौहार्द दिवस नवोदयन किड्स एकेडमी में, पर्यावरण शुद्धि दिवस एम जी जी एस पंडितपुर में, नशामुक्ति दिवस आदिनाथ जैन भवन में, अनुशासन दिवस प्रकाश पाठशाला में और जीवन विज्ञान दिवस संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाए जाएंगे।

### अन्न बचाओ खुशहाली व समृद्धि लाओ कार्यक्रम हुआ

**झुंझुनूं।** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई उ.मा.वि स्कूल और कोचिंग संस्थान में अन्नदेव व अन्नदाता के सम्मान में अन्न बचाओ अभियान सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. पितराम गोदारा के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ। गोदारा ने अन्न के महत्व को पौराणिक काल से वर्तमान एवं भविष्य काल तक के सन्दर्भ में आंकड़ों सहित प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान समय में हो रही फिजूलखर्ची पर करारा व्यंग्य करते हुए कहा कि धन के साथ-साथ आज मानव अन्नदेव और अन्नदेवता का भी अपमान कर रहा है। अन्न का हर कण-कण बचाकर हमें इस दुरूपयोग को कम करना है। थाली में उतना ही भोजन लेवें जितना आवश्यक हो, झुठा ना छोड़े आज मनुष्य औसतन 20 से 30 प्रतिशत भोजन झूठन के रुप में छोड़ रहा है। जो धन का दुरुपयोग है साथ ही मध्यम वर्ग के लिए भंयकर समस्या प्रस्तुत कर रहा है। हमें इस फिजूलखर्ची सें बचना होगा और अन्न के हर कण का सदुपयोग कर नव जागर्ति का संचार करना है। राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित गोदारा ने अन्न बचाने एवं झूठन न छोड़ने की शपथ उपस्थित शिक्षकों-विद्यार्थियों को दिलाई। संस्था निदेशक मनोज शर्मा विकास शर्मा ने अभियान के वर्तमान आर्थिक परिपेक्ष्य में अपने विचार व्यक्त किए।

# फर्जी पट्टों के पंजीयन मामलें में सरपंच ने की गिरफ्तारी की मांग

**पाटन ( निसं )।** ग्राम पंचायत गुहाला में सरकारी भूमि के फर्जी पट्टों के पंजीयन का गंभीर मामला सामने आया है। इस पूरे प्रकरण को लेकर ग्राम पंचायत गुहाला की वर्तमान सरपंच एवं प्रशासक श्रीमती सुनिता चौहान ने श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, रेंज सीकर को एक विस्तृत शिकायत पत्र भेजते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।सरपंच सुनिता चौहान का आरोप है कि नीमकाथाना पंजीयन कार्यालय में कार्यरत पंजीयन बाबू अवधेश सोनी ने ग्राम पंचायत गुहाला के कुछ व्यक्तियों के साथ मिलकर षड्यंत्रपूर्वक फर्जी पट्टों का निर्माण किया और अवैध रूप से उनका पंजीयन भी करवा दिया। आरोप है कि इन पट्टों के पीछे मोटी रकम वसूली गई है और पंजीयन कार्यालय में वर्षों से इस प्रकार की अवैध गतिविधियां चुपचाप चल रही हैं।सरपंच के अनुसार, दिनांक 06 जून 2023 को उन्हें फर्जी पट्टों के पंजीयन की सूचना प्राप्त हुई।

- फर्जी पट्टों के पंजीयन मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

इसके बाद उन्होंने 16 जून को आरटीआई के तहत नकल प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। जब रिकॉर्ड प्राप्त हुआ तो स्पष्ट हो गया कि पंजीयन कार्यालय में जो पट्टे रजिस्टर्ड हुए हैं, उनका ठााम पंचायत रिकॉर्ड में कोई उल्लेख नहीं है।पट्टा संख्या 09 और 07 (दिनांक 05.08.2013) की नकल मिलने के बाद यह खुलासा हुआ कि जिन भूखण्डों पर पंजीयन हुआ है, वे भूखंड पंचायत की सार्वजनिक भूमि में आते हैं और ठााम पंचायत ने कभी कोई वैध पट्टा जारी नहीं किया।प्रकरण में पहले ही एफआईआर संख्या 427/2023 थाना सदर नीमकाथाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, और 120बी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

हालांकि, सरपंच का आरोप है कि जाँच अधिकारी ने मामले में सही तरीके से अन्वेषण नहीं किया और आरोपियों को बचाने का प्रयास करते हुए एफआर लगाने की तैयारी कर रहा है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि जाँच अधिकारी ने आरोपियों के साथ मिलकर झूठे दस्तावेजी साक्ष्य एकत्रित किए और शिकायतकर्ता को गुमराह किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन व्यक्तियों के नाम फर्जी पट्टों में शामिल हैं, वे हैं - जितेन्द्र कनवा, रूकसाना, अब्दुल रसीद, और अब्दुल वहीद - सभी निवासी ठााम गुहाला के रहने वाले हैं। सरपंच का दावा है कि इन सभी ने पंजीयन बाबू अवधेश सोनी के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य किया और वर्षों से पंचायत की भूमि पर कब्जे के प्रयास किए।

सरपंच ने मांग की है कि सिर्फ इस एक प्रकरण की ही नहीं, बल्कि गत पाँच वर्षों में ग्राम पंचायत गुहाला के नाम से हुए सभी पंजीयनों की विधिसम्मत जाँच कराई जाए ताकि अन्य फर्जीवाड़ों का भी खुलासा हो सके।इस खुलासे के बाद ठााम पंचायत गुहाला सहित क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। ठाामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन मामलों की निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो आमजन की सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की घटनाएं बढ़ती रहेंगी। सरपंच श्रीमती सुनिता चौहान ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे इस मामले में अंतिम न्याय मिलने तक संघर्ष करती रहेंगी और दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाकर ही दम लेंगी।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**हनुमानगढ़, (निसं.)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, हनुमानगढ़ में गुरुवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. कीर्ति शेखावत ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा आत्महत्या जैसी गंभीर प्रवृत्तियों को जन्म देती है, अतः विद्यार्थियों और समाज में सकारात्मक सोच, संवाद एवं सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देना आवश्यक है। नोडल अधिकारी डॉ. ओ.पी. सोलंकी ने आत्महत्या रोकथाम के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में डॉ. स्मिता यादव ने भी ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसकेडी यूनिवर्सिटी के एम.फिल. प्रशिक्षु छात्रों ने आत्महत्या रोकथाम पर आधारित एक प्रभावशाली नाट्यय प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्य एवं मेडिकल छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आत्महत्या रोकथाम के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाना रहा।

## बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए राहत सामग्री भेजी

**तारानगर।** तारानगर के मुस्लिम समाज के लोगों ने पंजाब में बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए दो बड़े ट्रक राहत सामग्री भेजी। उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार की उपस्थिति में समाज के गणमान्य लोगों ने राहत सामठाी भरे ट्रकों को रवाना किया।

मोहम्मद तैयब ने बताया कि भेजी जा रही राहत सामठाी में 500 गद्दे, 511 कंबल, 30 क्विंटल आटा, 25 क्विंटल चावल, 500 लीटर खाद्य तेल, 3600 पानी की बोतल, 12 सौ कार्टून बिस्किट आदि भेजे गए हैं। भामाशाह जमरदीन तेली ने बताया कि उक्त राहत सामठाी पंजाब के लुधियाना में भेजी जा रही है जो शाही इमाम को सुपुर्द की जाएगी एवं जहाँ से बाढ़ पीड़ितों को वितरित की जाएगी इस मौके पर जमरदीन तेली, रजाक खाँ टाक, यासीन हिसारिया, हाज़ी रफीक बाबू हुसैन कुरैशी, एडवोकेट साजिद खान, यूनस, फारूक मिस्त्री, महबूब गौरी, सलीम हिसारिया, साजिद टाक, अकरम बिसायती, मुस्तफा खोकर, अदरीश बिसायती, दाऊद लुहार सहित मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

- उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार की उपस्थिति में समाज के गणमान्य लोगों ने राहत सामग्री भरे ट्रकों को रवाना किया

## रामलीला मंचन को लेकर पूर्वाभ्यास शुरू

**चूरू।** स्थानीय रेलवे कॉलोनी में श्री हनुमान कला मंदिर चूरू की ओर से 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला मंचन को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। समिति के रमेश शर्मा ने बताया कि गुरुवार से रामलीला का पूर्वाभ्यास शुरू कर दिया है। शर्मा ने बताया कि आज रावण नंदी संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, अंगद रावण का अभ्यास किया गया, जिसमें अमित राज पांडे-राम, अमित पांडे-लक्ष्मण, हर्ष वाधवार्नी-सीता, यतेंद्र लाटा-परशुराम, महिपाल सिंह-रावण, नंदकिशोर बरोड़-नंदी, प्रमोद गौड़-राजा जनक की भूमिका अदा करेंगे। रामलीला का मंचन हरि कृष्ण रवि के मार्गदर्शन में होगा।

## 27 दिन बाद कब्र से निकाला शव, मृतक के बेटे ने लगाया 12 लोगों पर हत्या का आरोप

**रतनगढ़**((निसं)रतनगढ़ में एक व्यक्ति का शव कब्र से 27 दिन बाद वापस निकाला गया है। अब बॉडी का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड करेगा, इसके बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

दरअसल, मृतक के बेटे ने 12 लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोर्ट में इस्तगासा दायर किया था, इसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि गत 17 अगस्त को दफनाए गए 50 वर्षीय महबूब खान के शव को शुक्रवार को पुलिस ने 27 दिन बाद कब्र से बाहर निकलवाया। यह कार्रवाई मृतक के बेटे इमरान द्वारा कोर्ट में दायर इस्तगासे के बाद हुई है। थानाधिकारी ने बताया कि मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया, जिसकी मौजूदगी में शव को कब्र से बाहर निकाला गया। महबूब खान के शव को अब रतनगढ़ के जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है, जहां उसका पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। यह मामला तब सामने आया जब मृतक के बेटे इमरान ने 12 लोगों के खिलाफ पिता की हत्या का रतनगढ़ थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि गत 17 अगस्त को इमरान के ननिहाल पक्ष के लोग उनके घर आए और बुरी आत्मा का साया हटाने के बहाने तांत्रिक क्रियाएं शुरू कर दीं। दावा है कि उन्होंने पहले इमरान पर तांत्रिक क्रियाएं की, फिर उनके पिता महबूब खान को फोन करके बुलाया। बेटे का आरोप है कि महबूब खान को जबरन मिर्च का पानी पिलाया गया, आंखों में मिर्च डाली गई और कानों में तेल से भरी रुई डाली गई, विरोध करने पर उन्हें एक पानी से भरे टब में मुंह ढककर डुबो दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। बेटे ने जब विरोध किया, तो उसे धमकाया गया। अब बॉडी का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड करेगा, इसके बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

कार्यालय नगरपरिषद्, चूरू (राजस्थान)

क्रमांक : न.प./चूरू/भूमि / 2025-26/ दिनांक : हस्ताक्षरित दिनांक

सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपति आमन्त्रण-पत्र)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कस्बा चूरू की वन विहार कॉलोनी में अवस्थित आवासीय अभिप्राय के भूखण्ड सं. 293 (जिसकी चतुर्दिक सीमाएं व माप नीचे अंकितानुसार है) हेतु अनुज्ञा पत्र क्रमांक 222 दिनांक 24.12.1985 एवं इसकी निरन्तरता में शाश्वत लीज दिनांक 29.12.1990 इस कार्यालय द्वारा आवंटी श्रीमती संतोषराज पत्नी श्री ऋषिराज जाति ब्राह्मण निवासी रेलवे कॉलोनी, चूरू (राज0) के पक्ष विधिवत रूप से निष्पादित व संपादित किया गया था, जो कि कार्यालय उप-पंजीयक, चूरू से दिनांक 31.12.1990 को आवंटी के पक्ष में पंजीबद्ध है। वर्तमान में प्रार्थी श्री मोहम्मद इब्राहिम खां पुत्र श्री दीन मोहम्मद जाति कायमखानी निवासी वार्ड नं. 10, वन विहार कॉलोनी, चूरू द्वारा आवंटी श्रीमती संतोषराज पत्नी श्री ऋषिराज जाति ब्राह्मण के मुख्त्यारआम की हैसियत से उक्त पट्टायुक्त भूखण्ड को विक्रय किये जाने बाबत् अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करवाये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है। चूंकि आवंटी की ओर से प्रार्थी के पक्ष में निष्पादित व संपादित उक्त मुख्त्यारनामा दिनांक 31.12.1990 अपंजीकृत है। अतः अपंजीकृत मुख्त्यारनामा के आधार पर प्रार्थी के पक्ष में वर्णित पट्टायुक्त भूखण्ड को विक्रय किये जाने हेतु जारी किये जाने योग्य अनापत्ति प्रमाण-पत्र के बाबत् किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपति निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित प्रार्थी के पक्ष में कर दिया जावेगा:-

भूखण्ड सं. 293, वन विहार कॉलोनी की चतुर्दिक सीमाएं व माप

| उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड संख्या 271 व 272 | रास्ता आम 40 फीट चौड़ा | भूखण्ड संख्या 294 | भूखण्ड संख्या 292 | 113.85 |
| 25 फीट | 25 फीट | 49 फीट | 25 फीट | वर्गमीटर |

(अभिलाषा सिंह)
आयुक्त, नगरपरिषद, चूरू

## कलेक्टर डॉ खुशाल यादव ने पंचायत समिति नोहर के सभागार में की जनसुनवाई

**नोहर,**(निसं.) जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव ने यहां पंचायत समिति सभागार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई के दौरान प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की ओर से अतिवृष्टि से हुई फसल खराबे का शीघ्र सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा दिलाने तथा विभिन्न गांव में जोहड़ पायतन की भूमि पर हुए अतिक्रमणों को हटाने की मांग की। इस दौरान ठााम पंचायत 22 एनटीआर कि ग्रामीणों की ओर से आनंद सैनी के नेतृत्व में जलदाय विभाग की डिग्गी व फिल्टर की सफाई करवाने, गलियों का निर्माण व नहर की सफाई करवाने मांग की गई। जबकि पंचायत समिति सदस्य कॉमरेड मंगेज चौधरी ने ज्ञापन देकर अतिवृष्टि से खराब हुई मूंग मोठ व बाजरे की फसलों की शीघ्र गिरदावरी करवाने की मांग की। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की आवश्यक बैठक भी ली तथा उन्होंने अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्र की सर्वे रिपोर्ट जल्द तैयार करवा कर भेजने की बात कही। मीडिया से बातचीत करते हुए कलेक्टर खुशाल यादव ने कहा की फसल खराबे की गिरदावरी शुरू हो चुकी है। जिले में अब तक करीब 20 फीसदी गिरदावरी हो चुकी है। जल्द ही इसकी सर्वे रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। उन्होंने किसानों व युवाओं से भी राज किसान गिरदावरी ऐप के माध्यम से स्वयं गिरदावरी करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से हम अपना ही नहीं अपने आसपास के खेतों का भी सर्वे कर सकते हैं। उन्होंने इसके लिए युवाओं को भी आमंत्रित किया। कलेक्टर ने बताया कि इसके लिए युवाओं को बाकायदा 250 रुपए की राशि भी इस काम के लिए दी जाएगी। इस दौरान पंचायत समिति प्रधान सोहन ढिल, एसडीएम राहुल श्रीवास्तव, तहसीलदार बजरंग लाल, बीडीयो पवन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य स्तर पर हुआ चयन

**नोहर, (निसं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लड़की की छात्रा आरजू का रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। शारीरिक शिक्षक विमल न्योल ने बताया कि जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 4 सितंबर से 7 सितंबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंदरपुरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में बालिका के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया। राज्य स्तर पर चयन होने के पश्चात बालिका का माल्यार्पण व साफा पहनकर के विद्यालय स्टाफ व ठाामीणों द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। आरजू राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता जयपुर में हनुमानगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्याशी को सूचना

(आदेश 41 का नियम 14)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी स्थान बीकानेर
अपीलार्थी कुलदीप विरूद्ध प्रत्यार्थी महेन्द्र
अभियोग अपील 75 L.R.Act
अपील संख्या 11 सन् 2025
T.D.R. बीकानेर के न्यायालय की तारीख 1-5-2024 को पारित नामान्तरकरण सं. 3345 की अपील।

प्रेषिती-
नाम महेन्द्र प्रत्यार्थी पुत्र तारासिंह जाति जाट निवासी अरड़ावता तहसील झुन्झुनू आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में नामान्तरकरण सं. 3345 T.D.R. बीकानेर की अपील अपीलांट द्वारा उपस्थापित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा ता. 16-9-2025 नियत की गई है।

यदि इस अपील ने आपकी और से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिक प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नही होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जायेगी।

यह आज ता. 844/08.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

आज्ञा से
रीडर
उपखण्ड अधिकारी
बीकानेर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 104/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री बनवारी लाल पुत्र जीवन राम निवासी ग्राम गाडोदा नेछवा सीकर, राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास विन्दास सेवा संस्थान गाडोदा नेछवा सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 16.11.2025

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 105/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री महावीर जति पुत्र श्री गुलाब जाति निवासी ग्राम गाडोदा नेछवा सीकर राजसान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री कृष्ण गोपालक गोशाला समिति श्री बाबा बाल जाति आश्रम तिडोकी छोटी व बडी गाडोदा तह नेछवा सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 18.11.2025

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

## उज्जवल भविष्य की कामना की

**रतनगढ़**(निसं) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेशचंद्र इंदौरिया का जन्मदिन आज शुक्रवार को प्रातः गौशाला प्रांगण में गौ माताओ को गुड ,हराचारा डालकर तथा श्री तालबालाजी अन्नक्षेत्र में साधु ,संतों व असहायों को भोजन वितरण कर सादगी से मनाया। सिद्धपीठ श्री तालवाले बालाजी मंदिर प्रांगण में पुजारी परिवार की ओर से पदेन पुजारी पवन इंदौरिया व कालूराम इंदोरिया ने विधिवत पूजा अर्चना कराकर दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इसी क्रम में जय कृष्णा गैस एजेंसी के प्रांगण में उनकी मित्र मंडली ने केक काटकर उनके दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।इस अवसर पर श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत सहित उनके अनेक मित्रों ने उनको शाल ओढ़ाकर,दुपट्टा पहनाकर, पुष्पगुच्छ तथा श्री फल भेंटकर अभिनंदन किया।

## राकेश जांगिड़ ने किया पोस्टर विमोचन

**तारानगर।** तेरापंथ युवक परिषद की स्थापना एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 17 सितम्बर को तारानगर के ओसवाल पंचायत भवन में तेरापंथ युवक परिषद द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन करते हुए तेरापंथ युवक परिषद को धनयवाद दिया एवं अग्रिम शुभकामनायें दीं। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा कोषाध्यक्ष मनीष बोथरा, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष मोहित बरडिया, मंत्री दिवाकर सुराणा उदयराज चोरडिया, मुदित कोठारी, युवराज खटेड, पीयूष डागा, हितेन डागा, हिमांशु सुराणा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## कल होगी वैचारिक संवाद प्रतियोगिता

**झुंझुन।** झुंझुनूं प्रगति संस्थान (जेपीएस) झुंझुनूं के तत्वावधान में युवा वैचारिक संवाद प्रतियोगिता का आयोजन हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में 14 सितंबर रविवार को प्रातः 10:15 से झुंझुनू एकेडमी विज्डम सिटी समसपुर रोड झुंझुनूं में किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों में से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वालों को क्रमशः पारितोषिक के रूप में 5100, 3100 एवं 2100 रुपए नकद पुरस्कार, प्रतिक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा तथा भाग लेने वाले सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी एवं सचिव एडवोकेट अशोक शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय देश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षणअति आवश्यक है" रखा गया है।

## कलियुग मे भगवत भक्ति का सबसे श्रेष्ठ साधन भगवान का नामोचारण

**चिड़ावा।** भगवान के नाम का उच्चारण मन के समस्त पापों को समाप्त करने मे सक्षम है। मनुष्य ज़ब मुख से भगवान के नाम का उच्चारण करता है तब परमात्मा उसके हृदय मे आकर बैठ जाते है तथा जो मनुष्य के मन में कलुशितता होती है उसको साफ कर देते है। कलियुग मे भगवत भक्ति का सबसे श्रेष्ठ साधन भगवान का नामोच्चरण है।

उक्त कथन शहर के पुराना पोस्ट ऑफिस के पास चल रहीं भागवत कथा के तीसरे दिन वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने अजामिल प्रसंग मे कहे। तिवाड़ी ने समस्त स्त्रोताओ से अधिकाधिक भगवान के नाम के उच्चारण की आदत डालने का आ ान किया। कथा मे स्वर्ग नर्क का वर्णन प्रहलाद कथा समुद्र मंथन तथा भगवान वामन प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के दौरान रंगकर्मी सुरेश शेखावत के द्वारा सजाई गई मनोहारी भगवान वामन की सजीव झांकी तथा राजू भगत व लाल राणा के द्वारा सुन्दर भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय बन गया। इससे पूर्व यजमान रामवतार शर्मा ने सपत्नीक आचार्य नरेश जोशी, आमोद शर्मा, विक्रम शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भागवत व व्यास पूजन किया। इस दौरान महेन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, अनिल शर्मा , सुशील कुमार, विनोद कुमार लाम्बीवाला, सेवानिवृत कोषाधिकारी ओमप्रकाश टेलर सिद्धार्थ शर्मा, श्याम सुंदर साखुवाला, संजय शर्मा श्योपुरा, विश्वनाथ ढाढीटिया, पंडित राजेश दाधीच, कमल मोदी, जगदीश डाबलेवाला, निरंजन कलगांव वाला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे मौजूद रहे।

## नुक्कड़ सभा आयोजित कर सीवरेज परियोजना के बारे में दी जानकारी

**रतनगढ़**(निसं)आरयूआईडीपी के अधिक्षण अभियन्ता, राकेश शरण गर्ग निर्देशन में वार्ड नं. 38 मोहल्ला तेलियान में जुम्मे की नमाज़ के बाद नूक्कड सभा आयोजित कर घरेलू सीवरेज कनेक्शन के लाभ एवं उपयोग के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी देते हुए जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड ने बताया कि ये आरयूआईडीपी द्वारा घरो में, घरेलू सीवरेज कनेक्शन नि शुल्क किया जा रहा है इस कार्य के दौरान घर के शौचालय, रसोई व स्नानघर को जोडा जायेगा इस परियोजना में वर्षान्त के पानी यानि छत को नहीं जोडा जायेगा रसोई व स्नानघर में जाली लगाने की जिम्मेदारी स्वयं घर वाले की होगी घर का व्यक्ति स्वयं ध्यान देकर गुणवत्ता पुर्वक कार्य कराने की सलाह दी गई आज इस सभा में समुदाय की तरफ परियोजना सम्बंधित आए प्रशनो के उत्तर दिया गया बैठक में बताया गया परियोजना कार्य सम्पूर्ण होने के बाद रतनगढ़ शहर में स्वच्छता के लिए बेहतर बदलाव आयेगा परियोजना कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या हो तो उसी समय सम्बंधित कर्मचारियों से सम्पर्क कर समस्या का समाधान करायें व चल रहे परियोजना में समुदाय से सहयोग की अपील की गईसभा का संचालन छोटू सैनी ने किया आज की सभा में काफी संख्या में मोहल्ले के लोगों ने भाग लिया दी गई जानकारी के लिए मोहल्ले वासियों ने आभार व्यक्त किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 REDD.NO. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.आर.जे.-अ.-04092025-265947
CG-RJ-E-04092025-265947
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II— खण्ड 3 — उप खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं 3933] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 02, 2025/भाद्र 11, 1947
No.3933] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 02, 2025/BHADRA 11, 1947

रेल मंत्रालय
[उत्तर पश्चिम रेलवे (निर्माण)]
अधिसूचना
जयपुर, 02 सितम्बर ,2025

का.आ. 4038(अ)—केंद्रीय सरकार, रेल अधिनियम 1989 की धारा 2 के खंड (37क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिनियम के राजपत्र में प्रकाशन कि तारीख से नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (3) में उल्लिखित राज्य में उक्त सारणी के स्तम्भ (2) में यथा उल्लिखित परियोजना को निम्नलिखित विशेष रेल परियोजनाओं के रूप में अधिसूचित करती है ।

सारणी

| क्रम.सं. | परियोजना का नाम | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | चुरु बाई पास लाइन (4.848 किमी) | राजस्थान |

[फा.सं. उपरे/मुख्यालय/एस एण्ड सी/443599200 भाग-19]
राजीव श्रीवास्तव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/(निर्माण)
1167-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन(आदेश 5 नियम 1 व 5 सीपीसी)
न्यायालय सहायक कलेक्टर (मु.), सीकर।
छीतर आदि बनाम पोखर आदि दावा बाबत बटवारा, उद्घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा व रिकॉर्ड दूरूस्ती
अं. धारा 53, 88,188 आरटीएक्ट वाद सं. 53/2020

1. आची पुत्री गीदा, 2. कमली देवी पत्नि प्रभू, समस्त जाति रैगर निवासीगण ग्राम रायपुरा उपतहसील पलसाना तहसील दांतारामगढ जिला सीकर, 3. हनी पुत्र पतासी व गिरधारीलाल जाति रैगर निवासी गली नं. 2 मौहल्ला रैगर वार्ड नं. 19 मंदिर इन्दिरा बस्ती सुनाम मण्डी तहसील सुनाम मण्डी जिला संगरूर (पंजाब), 4. किस्तूरी पुत्री भागीरथ 5. ग्यारसी पुत्री भागीरथ 6. गणेश पुत्र स्व. माला, 7. महावीर पुत्र स्व. माला, 8. छोटी देवी पत्नि सुखराम पुत्र स्व. माला, 9. मुकेश पुत्र नोलाराम, 10. पूजा पुत्री बोलाराम 11. सिलू पुत्री नोलाराम, 12. कृष्ण पुत्र नोलाराम 13. विद्या पत्नि नोलाराम, 14. टलू देवी पुत्री सुखाराम, 15. मंजू पुत्री नारूराम पुत्र स्व. मालाराम, 16. रोशनी पुत्री नारूराम पुत्र स्व. मालाराम, 17. मीरा देवी पुत्री स्व. प्रकाश पुत्र स्व. मालाराम, 18. रूड़ाराम पुत्र स्व. चन्द्राराम, 19. शांति देवी पत्नि स्व. रुघनाथ, 20. रामनाथ पुत्र स्व. चन्द्राराम 21. रामप्यारी पुत्री स्व. गीदा, 22. लक्ष्मी देवी पुत्री प्रभू, 23. सत्यनारायण बिलोनिया पुत्र स्व. प्रभू, 24. सन्तरा पुत्री स्व. गीदा, 25. सन्तोष देवी पत्नि स्व. भागूराम, 26 सुनीता देवी पुत्री स्व. रतनलाल, 27. सुमन देवी पुत्री स्व. प्रभू, समस्त जाति रैगर निवासीगण रायपुरा उपतहसील पलसाना तहसील दांतारामगढ जिला सीकर, 28. सुमन देवी पत्नि रामस्वरूप जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासिनी बेद की ढाणी उपतहसील पलसाना तहसील दांतारामगढ़ जिला सीकर 29. सरदारमल पुत्र मंगली देवी व कान्हाराम, 30. मक्खनलाल पुत्र मंगली देवी व कान्हाराम 31. जयराम पुत्र मंगली देवी व कान्हाराम, 32. मुरारीलाल पुत्र मंगली देवी व कान्हाराम, समस्त जाति रैगर निवासीगण नया बास तहसील शाहपुरा जिला जयपुर, 33. भागली देवी पुत्री स्व. सुरजाराम, 34. कमला देवी पत्नि स्व. फूलाराम पुत्र स्व. सुरजाराम, 35. दुर्गा पुत्री स्व. फूलाराम, 36. सन्तोष पुत्री स्व. फूलाराम, 37. सुनीता उम्र 12 वर्ष पुत्री स्व. फूलाराम, 38. सुमन उम्र 9 वर्ष पुत्री स्व. फूलाराम अवयस्कगण जरिए प्राकृतिक संरक्षिका माता कमला देवी, समस्त जाति रैगर निवासीगण ग्राम रायपुरा उपतहसील दांतारामगढ जिला सीकर,39. उप पंजियक पलसाना तहसील दांतारामगढ जिला सीकर, पलसाना तहसील, 40. हल्का पटवारी पटवार हल्का लढाणा उपतहसील पलसाना तहसील दांतारामगढ जिला सीकर, 41. उपतहसीलदार पलसाना तहसील दांतारामगढ जिला सीकर, 42. तहसीलदार दांतारामगढ जिला सीकर जरिए प्रतिनिधि राजस्थान सरकार।, 43. पंजाब नेशनल बैंक शाखा रानोली तहसील दांतारामगढ जिला सीकर जरिए शाखा प्रबंधक, 44. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा रानोली जरिए शाखा प्रबंधक, 45. आईसीआईसीआई बैंक लि. शाखा पलसाना तहसील दांतारामगढ जिला सीकर जरिए शाखा प्रबंधक, वादीगण ने आपके विरूद्ध स्थायी निषेधाज्ञा के लिये वाद पंजीयत किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 15 माह 10 सन 2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 9 माह 9 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। आज्ञा सेः- सहायक कलेक्टर(मु.), सीकर।

# हाई रिस्क प्रग्नेंसी में नॉर्मल डिलीवरी करवाने वाला संस्थान बना काया अस्पताल

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय के इन्दिरा नगर स्थित काया हॉस्पिटल मे सेवाएं दे रही प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गुलशन बानो ने फिर से एक और उच्च जोखिम वाली महिला की नॉर्मल डिलीवरी करवाकर गायनी फील्ड और हाई रिस्क प्रग्नेंसी को संभालने की अपनी उम्दा काबिलियत को सिद्ध करके दिखाया है।

- नॉर्मल डिलीवरी करवाकर गायनी फील्ड और हाई रिस्क प्रग्नेंसी को संभालने की अपनी उम्दा काबिलियत को सिद्ध करके दिखाया है

ममता नाम की एक गर्भवती महिला को जब चार सितंबर को प्रसव के लिए काया हॉस्पिटल लाया गया तो उनकी जांच करने पर पाया गया की उन्हें उच्च रक्तचाप (बीपी 180/110) की वजह से प्रीएंक्लेंपसिया की समस्या है और इसी वजह से उन्हें एचईएलएलपी सिंड्रोम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। ज्ञात रहे कि एचईएलएलपी सिंड्रोम में रक्त कोशिकाओं का अत्यधिक टूटना, लिवर एंजाइम्स का बढ़ना और प्लेटलेट्स का कमी होना शामिल होता है। इस परिस्थिति में प्रसव के दौरान अथवा प्रसव पश्चात अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण गर्भवती महिला की जान को खतरा काफ़ी अधिक बढ़ जाता है। ममता की इस जोखिम भरी स्थिति के बारे में परिवारजनों को अवगत कराया गया। जिस पर परिवारजनों ने डॉ. गुलशन बानो और उनकी टीम पर पूर्ण रूप से विश्वास जताते हुए प्रसव उन्हीं के द्वारा करवाने का निर्णय लिया गया। ममता के ममत्व और परिवार जनों का विश्वास देख डॉ. गुलशन बानो को हौंसला मिला और परिजनों ने स्पोर्ट किया।

डॉ. गुलशन बानो और उनकी टीम ने ममता की विपरित स्थिति पर काबू किया और उच्च जोखिम की चुनौतियों के बावजूद चार सितंबर को नॉर्मल डिलीवरी करवाई गई। आशंका के अनुरूप पीपीएच यानी प्रसव पश्चात अत्यधिक रक्तस्त्राव हुआ लेकिन तत्काल खून तथा खून के घटक जैसे की प्लेटलेट्स, प्लाज्मा की व्यवस्था कर ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया। डॉ गुलशन बानो ने बताया कि ममता को कुल 8 यूनिट आरडीपी (प्लेटलेट्स), 4 यूनिट एफएफपी( प्लाज्मा), 1 यूनिट खून तथा 1 यूनिट एसडीपी (प्लेटलेट्स) ट्रांसफ्यूजन किया गया। तब जाकर ममता की जान बची। एचईएलएलपी सिंड्रोम, प्रीएंक्लेंपसिया, इतने कम प्लेटलेट्स और बढ़े हुए बीपी के बावजूद बिना किसी सर्जरी यानी नॉर्मल डिलीवरी सामान्य प्रसव करवाकर पीपीएच का उचित इलाज करने पर ममता और उनके परिवार जनों ने डॉ गुलशन बानो का आभार जताया ।